## सामान्य निर्देश :

**(i)** इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ।
**(ii)** चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
**(iii)** यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

## खंड-'क'

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

आजकल दूरदर्शन पर आने वाले धारावाहिक देखने का प्रचलंन बढ़ गया है। बाल्यावस्था में यह शौक हानिकारक है। दूरदर्शन पर दिखाए जाने वाले धारावाहिक निम्न स्तर के होते हैं। उनमें अश्लीलता, अनास्था, फैशन तथा नैतिक बुराइयाँ ही अधिक देखने को मिलती हैं। छोटे बालक मानसिक रूप से परिपक्व नहीं होते। इस उम्र में वे जो भी देखते हैं उसका प्रभाव उनके दिमाग पर अंकित हो जाता है। बुरी आदतों को वे शीघ्र ही अपना लेते हैं। समाजशास्त्रियों के एक वर्ग का मानना है कि समाज में चारों ओर फैली बुराइयों का एक बड़ा कारण दूरदर्शन तथा चलचित्र भी हैं। दूरदर्शन से आत्मसीमितता, जड़ता, पंगुता, अकेलापन आदि दोष बढ़े हैं। बिना समय की पाबंदी के घंटों दूरदर्शन के साथ चिपके रहना बिलकुल गलत है। इससे मानसिक विकास रुक जाता है, नज़र कमजोर हो सकती है और तनाव बढ़ सकता है।

**(क)** आजकल दूरदर्शन के धारावाहिकों का स्तर कैसा है?
**(ख)** दूरदर्शन का दुष्प्रभाव किन पर अधिक पड़ता है और क्यों?
**(ग)** दूरदर्शन के क्या-क्या दुष्प्रभाव हैं?
**(घ)** 'बाल्यावस्था' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए।
**(ङ)** उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

**2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

कोलाहल हो
या सन्नाटा  कविता सदा सृजन करती है
जब भी आँसू हुआ पराजित,
कविता सदा जंग लड़ती है
जब भी कर्ता हुआ अकर्ता
कविता ने जीना सिखलाया
यात्राएँ जब मौन हो गईं
कविता ने चलना सिखलाया
जब भी तम का जुल्म बढ़ा है,
कविता नया सूर्य गढ़ती है,
जब गीतों की फसलें लुटतीं
शीलहरण होता कलियों का,
शब्दहीन जब हुई चेतना
तब-तब चैन लुटा गलियों का
अपने भी हो गए पराए
यों झूठे अनुबंध हो गए
घर में ही वनवास हो रहा
यों गूंगे संबंध हो गए।

**(क)** कविता कैसी परिस्थितियों में सृजन करती है? स्पष्ट कीजिए।
**(ख)** भाव समझाइए 'जब भी तम का जुल्म बढ़ा है, कविता नया सूर्य गढ़ती है।'
**(ग)** गलियों का चैन कब लुटता है?
**(घ)** 'परस्पर संबंधों में दूरियाँ बढ़ने लगीं' - यह भाव किस पंक्ति में आया है?
**(ङ)** कविता जीना कब सिखाती है?

**अथवा**

जो बीत गई सो बात गई।
जीवन में एक सितारा था,
माना, वह बेहद प्यारा था,
वह डूब गया तो डूब गया।

अंबर के आनन को देखो,
कितने इसके तारें टूटे,
कितने इसके प्यारे छूटे,
जो छूट गए फिर कहाँ मिले;
पर बोलो टूटे तारों पर,
कब अंबर शोक मनाता है?
जो बीत गई सो ब्रात गई।
जीवन में वह था एक कुसुम,
थे उस पर नित्य निछावर तुम,
वह सूख गया तो सूख गया;
मधुबन की छाती को देखो,
सूखी कितनी इसकी कलियाँ,
मुरझाई कितनी वल्लरियाँ,
जो मुरझाई फिर कहाँ खिलीं,
पर बोलो सूखे फूलों पर,
कब मधुबन शोर मचाता है?
जो बीत गई सो बात गई।

**(क)** 'जो बीत गई सो बात गई' से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट कीजिए।
**(ख)** आकाश की ओर कब देखना चाहिए और क्यों?
**(ग)** 'सूखे फूल' और 'मधुबन' के प्रतीकार्थ स्पष्ट कीजिए।
**(घ)** टूटे तारों का शोक कौन नहीं मनाता है?
**(ङ)** आपके विचार से 'जीवन में एक सितारा' किसे माना होगा?

## खंड-'ख'

3. **निर्देशानुसार किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए -**
**(क)** मैंने उस व्यक्ति को देखा जो पीड़ा से कराह रहा था।
**(ख)** जो व्यक्ति परिश्रमी होता है, वह अवश्य सफल होता है।
**(ग)** वह कौन-सी पुस्तक है जो आपको बहुत पसंद है। (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)
**(घ)** कश्मीरी गेट के निकल्सन कब्रगाह में उनका ताबूत उतारा गया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

4. **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए -**
**(क)** बालगोबिन भगत प्रभातियाँ गाते थे। (कर्मवाच्य में बदलिए)
**(ख)** बीमारी के कारण वह यहाँ न आ सका। (भाववाच्य में बदलिए)
**(ग)** माँ के द्वारा बचपन में ही घोषित कर दिया गया था।(कर्तृवाच्य में बदलिए)
**(घ)** अवनि चाय बना रही है। (कर्मवाच्य में बदलिए)
**(ङ)** घायल हंस उड़ न पाया। (भाववाच्य में बदलिए)

5. **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए-**
**(क)** दादी जी प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ती हैं।
**(ख)** रोहन यहाँ नहीं आया था।
**(ग)** वे मुंबई जा चुके हैं।
**(घ)** परिश्रमी अंकिता अपना काम समय से पूरा कर लेती है।
**(ङ)** रवि रोज सवेरे दौड़ता है।

6. **निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**
**(क)** 'करुण रस' का एक उदाहरण लिखिए।
**(ख)** निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में निहित रस पहचान कर लिखिए
तंबूरा ले मंच पर बैठे प्रेमप्रताप,
साज मिले पंद्रह मिनट, घंटा भर आलाप।

घंटा भर आलाप, राग में मारा गोता,
धीरे-धीरे खिसक चुके थे सारे श्रोता।

**(ग)** 'उत्साह' किस रस का स्थायी भाव है?
**(घ)** 'वात्सल्य' रस का स्थायी भाव क्या है?
**(ङ)** 'श्रृंगार' रस के कौन से दो भेद हैं?

## खंड-'ग'

**7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

किसी दिन एक शिष्या ने डरते-डरते खाँ साहब को टोका, "बाबा ! आप यह क्या करते हैं, इतनी प्रतिष्ठा है आपकी। अब तो आपको भारतरत्न भी मिल चुका है, यह फटी तहमद न पहना करें। अच्छा नहीं लगता, जब भी कोई आता है आप इसी फटी तहमद में सबसे मिलते हैं।" खाँ साहब मुसकराए। लाड़ से भरकर बोले, "धत्! पगली, ई भारतरत्न हमको शहनईया पे मिला है, लुंगिया पे नाहीं। तुम लोगों की तरह बनाव-सिंगार देखते रहते, तो उमर ही बीत जाती, हो चुकती शहनाई। तब क्या रियाज़ हो पाता?"

**(क)** एक दिन एक शिष्या ने खाँ साहब को क्या कहा? क्यों?
**(ख)** खाँ साहब ने शिष्या को क्या समझाया?
**(ग)** इससे खाँ साहब के स्वभाव के बारे में क्या पता चलता है?

**8. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए -**

**(क)** लेखक ने फादर कामिल बुल्के की याद को 'यज्ञ की पवित्र अग्नि' क्यों कहा है?
**(ख)** मन्नू भंडारी का अपने पिता से जो वैचारिक मतभेद था उसे अपने शब्दों में लिखिए।
**(ग)** 'नेताजी का चश्मा' पाठ में बच्चों द्वारा मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा लगाना क्या प्रदर्शित करता है?
**(घ)** बालगोबिन भगत अपने सुस्त और बोदे से बेटे के साथ कैसा व्यवहार करते थे और क्यों?
**(ङ)** 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक ने यात्रा करने के लिए सेकंड क्लास का टिकट क्यों खरीदा ?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

यश है या न वैभव है, मान है न सरमाया;
जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया।
प्रभुता का शरण-बिंब केवल मृगतृष्णा है,
हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।
जो है यथार्थ कठिन उसका तू कर पूजन –
छाया मत छूना
मन ,होगा दुख दूना।

**(क)** 'हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है'- इस पंक्ति से कवि किस तथ्य से अवगत करवाना चाहता है ?
**(ख)** कवि ने यथार्थ के पूजन की बात क्यों कही है ?
**(ग)** 'मृगतृष्णा' का प्रतीकात्मक अर्थ लिखिए।

**10. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए –**

**(क)** संगतकार की मनुष्यता किसे कहा गया है। वह मनुष्यता कैसे बनाए रखता है?
**(ख)** 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर वसंत ऋतु की शोभा का वर्णन कीजिए।
**(ग)** परशुराम ने अपनी किन विशेषताओं के उल्लेख के द्वारा लक्ष्मण को डराने का प्रयास किया?
**(घ)** आपकी दृष्टि में कन्या के साथ दान की बात करना कहाँ तक उचित है ? तर्क दीजिए।
**(ङ)** कवि ने शिशु की मुस्कान को दंतुरित मुस्कान क्यों कहा है ? कवि के मन पर उस मुस्कान का क्या प्रभाव पड़ा ?

**11. 'जार्ज पंचम की नाक' पाठ के माध्यम से लेखक ने समाज पर क्या व्यंग्य किया है ?**

**अथवा**

**सिक्किम की युवती के कथन 'मै इंडियन हूँ से स्पष्ट होता है कि अपनी जाति, धर्म-क्षेत्र और संप्रदाय से अधिक महत्वपूर्ण राष्ट्र है। आप किस प्रकार राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य निभाकर देश के प्रति अपना प्रेम प्रकट कर सकते हैं? समझाइए।**

## खंड-'घ'

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए-**

**(क)** कमरतोड़ महँगाई
- महँगाई के कारण
- समाज पर प्रभाव
- व्यावहारिक समाधान

**(ख)** स्वच्छ भारत अभियान
- विकास में स्वच्छता का योगदान
- अस्वच्छता से हानियाँ
- रोकने के उपाय

**(ग)** बदलती जीवन शैली
- जीवन शैली का आशय
- बदलाव कैसा
- परिणाम

**13. गत कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ने लगे हैं जिससे आप चिंतित हैं। इन अपराधों की रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए।**

**अथवा**

**आपका एक मित्र शिमला में रहता है। आप उसके आमंत्रण पर ग्रीष्मावकाश में वहाँ गए थे और प्राकृतिक सौंदर्य का खूब आनंद उठाया था। घर वापस लौटने पर कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।**

**14. अतिवृष्टि के कारण कुछ शहर बाढ़ ग्रस्त हैं। वहाँ के निवासियों की सहायतार्थ सामग्री एकत्र करने हेतु एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए।**

**अथवा**

**बॉल पेनों की एक कंपनी 'सफल' नाम से बाज़ार में आई है। उसके लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए।**